# चिंता मत कीजिए... तारीख गुजर गई, लेकिन निजी विवि दे रहे प्रवेश, इनके विरोध में उतर गए राजधानी के कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

यदि आप तय समय पर कॉलेजों में प्रवेश नहीं ले सके हैं, तो आपको चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। निजी विवि तिथि गुजरने के बाद भी प्रवेश दे रहे हैं। इसके लिए बाकायदा होर्डिंग लगाए गए हैं और विज्ञापन भी दिए जा रहे हैं, जबकि उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर केवल 16 अगस्त तक ही प्रवेश प्रदान करने की अनुमति दी थी। शासकीय और निजी दोनों ही विवि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आते हैं। यहां एक समान ही नियम लागू होते हैं। इसके बाद भी निजी विश्वविद्यालयों द्वारा मनमानी करते हुए छात्रों को दाखिले दिए जा रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 11 पर

## शासकीय विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में रोष, उच्च शिक्षा विभाग को लिखेंगे खत

### छग में 17 निजी विवि विरोध में बैठक आज

प्रदेश में 17 निजी विश्वविद्यालय हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इनमें से 90 फीसदी विश्वविद्यालयों में छात्रों को दाखिले दिए जा रहे हैं। अब शासकीय विवि से संबद्ध महाविद्यालयों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोलने का निर्णय ले लिया है। इस सप्ताह कॉलेज एसोसिएशन द्वारा शिकायत की जाएगी। इसके लिए बुधवार को बैठक लेकर आगे की रूपरेखा बनाई जाएगी।

■ निजी विवि नियामक आयोग द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं, प्रदेश में हैं 17 निजी विवि



### उच्च शिक्षा विभाग से शिकायत

निजी विवि नियामक आयोग द्वारा स्वस्फूर्त होकर इस दिशा में कदम उठाया जाना चाहिए। कोई एक्शन अब तक नहीं हुआ है। हमने उच्च शिक्षा विभाग से शिकायत करने का फैसला किया है।

**- डॉ. देवाशीष मुखर्जी,** सचिव प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

### दो बार हुआ है संशोधन

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस बार प्रवेश की तिथियों में दो बार संशोधन किया गया है। सर्वप्रथम शैक्षणिक कलैंडर जारी कर 14 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देश दिए गए थे। इसके बाद तिथि घटाकर 31 जुलाई किया गया। पुनः इसमें वृद्धि करते हुए इसे 16 अगस्त किया गया। इसके बाद किसी तरह की कोई वृद्धि नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार अब महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश तिथियों में प्रवेश नहीं दिए जाएंगे। इसके बाद भी निजी विश्वविद्यालयों में बैक एंट्री दी जा रही है। अब तक निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा स्वस्फूर्त कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा भी पूर्व में निजी विवि में अनुशासनहीनता को लेकर आवाज उठाई गई थी।

## खबर संक्षेप

### 16 पौवा देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में एक महिला के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस को 19 अगस्त को देर शाम सूचना मिली कि



खालबाड़ा में अंडा सेंटर के पीछे एक महिला शराब बेच रही है। इस सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर महिला कमला बेसरा निवासी खालबाड़ा के कब्जे से एक थैला बरामद किया, जिसमें 16 पौवा देशी शराब रखी हुई थी, जिसकी कीमत 1760 रुपए है। पुलिस ने शराब जब्त कर धारा 34 (1) ख आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### घर में घुसने का प्रयास परिवार से मारपीट

**रायपुर।** न्यू चंगोराभाठा में करीब 25 युवकों द्वारा एक घर में जबरन घुसने का प्रयास करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने बलवा का मामला दर्ज किया है। घटना 19 अगस्त की रात करीब 10 बजे की है। पीड़िता संगीता उपाध्याय ने दीनदयाल नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि घटना के समय बस्सी नामक लड़का उनके घर का मुख्य गेट खोलकर उनके घर के अंदर आकर छिप गया था। उसे मारने के लिए करीब 20-25 लोग ढूंढते हुए उसके घर पहुंचे और अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। इस दौरान उनके लड़के लक्की ने लोगों को घर घुसने से मना किया। इस बात पर लोगों ने विक्की और घर के अन्य सदस्य बेटा अंकुश, राधा रमन, श्याम, देवर गोपाल एवं बालमुकुंद के साथ गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का और डंडे से पीटा। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी एक ऑटो रिक्शा में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध 296, 351-115-2, 191-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सूने मकान में धावा 85 हजार की चोरी

**रायपुर।** मुजगहन पुलिस ने सूने मकान में चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी चंद्रशेखर चंद्राकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 18 अगस्त को उसका पूरा परिवार घर पर ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। 19 अगस्त को दोपहर में जब परिवार वापस लौटा तो घर का ताला टूटा पाया। अंदर जाकर देखा तो आलमारी भी खुली हुई थी तथा उसमें रखे नकदी 25 हजार रुपए और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। चोरी गए जेवरात की कीमत 60 हजार रुपए है। इस तरह अज्ञात चोर कुल 85 हजार रुपए पार कर दिए। पुलिस ने मामले में धारा 331, 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### चाकू से दहशत फैलाते धरा गया बदमाश

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी मो. तौफीक 20 अगस्त को दोपहर करीब 1 बजे हाथ में चाकू लेकर मोहल्ले में आम लोगों को डराते हुए घूम रहा था, जिसे पुलिस ने मौके पर चाकू के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## भाठागांव स्थित चारागाह की 67 एकड़ जमीन का मामला

# सरकारी दस्तावेजों से षड़यंत्र कर हटा दिए 169 किसानों के नाम, अब मांगी जा रही वंशावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर के भाठागांव स्थित चारागाह की 67 एकड़ जमीन की हेराफेरी करने के मामले में एक नया मोड़ देखा जा रहा है। जमीन पर कब्जे के विरोध में गांव वालों के आंदोलन करने के बाद रायपुर तहसील द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान अधिकारियों द्वारा यह स्वीकार भी किया जा रहा है कि पुराने रिकार्ड के अनुसार यह जमीन 173 किसानों के नाम पर दर्ज थी, लेकिन बाद में रिकार्ड दुरुस्तीकरण कराते हुए चार किसानों ने जमीन का बंटवारा करते हुए अपने नाम करा ली है। अब जब पूरे गांव ने जमीन पर कब्जा को लेकर एक साथ आवाज बुलंद की, तो तहसील अधिकारियों ने किसानों के नाम दोबारा जोड़ने के लिए गांव के लोगों को ही 169 किसानों के वंशावली रिकार्ड खोजने का फरमान जारी कर दिया है। हालांकि एसडीएम रायपुर द्वारा इस तरह का कोई भी फरमान जारी करने से इनकार किया गया है, जबकि दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के तहसीलदार ने ही वंशावली रिकार्ड ढूंढकर लाने के लिए कहा है। उनके कहने पर ही गांव वाले अब वंशावली रिकार्ड ढूंढ रहे हैं।

### अरबों की जमीन का 4 करोड़ में सौदा

67 एकड़ चारागाह की भूमि में 4 एकड़ में स्वामी आत्मानंद बिन्नी बाई सोनकर स्कूल बना हुआ है, वहीं शेष 63 एकड़ जमीन अभी खाली पड़ी हुई है। इस जमीन को अपने नाम कराने के बाद चारों किसानों ने एक जमीन कारोबारी से सौदा किया था। सूत्रों के अनुसार सौदा करीब 4 करोड़ में हुआ था,जबकि जमीन की कीमत अरबों में है। सौदा होने के साथ भूमि की पॉवर ऑफ अटॉर्नी भी उसके नाम पर कर दी गई थी।



जिन चार किसानों के नाम पर दर्ज भूमि, उनमें एक किसान 5 माह पहले ही निरस्त करा चुका है मुख्तारनामा

भाठागांव में 63 एकड़ जमीन में जुड़ेंगे किसानों के नाम, प्रशासन कर रहा है गुमशुदा की तलाश

हरिभूमि फॉलोअप

जिनके नाम गायब हैं, उनके नाम वापस जोड़ेंगे

169 किसानों के नाम ढूंढने में जुटा गांव

### 44 किसानों के मिल चुके है वंशावली रिकार्ड

कीर्तन साहू सहित गांव के अन्य लोगों ने बताया कि अब तक करीब 44 किसानों के वंशावली रिकार्ड ढूंढ लिए गए हैं, जिसके आधार पर उनके वंशजों के वकील के माध्यम से शपथ-पत्र बनवाए जा रहे हैं। अब तक 11 के शपथ पत्र भी बन चुके हैं। ग्रामीणों ने का कहना है कि जैसे-जैसे वंशावली के रिकार्ड मिल रहे हैं, वैसे-वैसे शपथ पत्र भी बनाए जाएंगे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जमीन में पूर्व में जिन किसानों के नाम दर्ज थे, उनमें ज्यादातर किसानों की मृत्यु हो चुकी है या गांव छोड़कर दूसरे स्थानों पर चले गए हैं। इसके कारण उनके परिवार वालों का पता लगाकर वंशावली रिकार्ड ढूंढने में दिक्कत आ रही है।

### चार में एक किसान करा चुका है रजिस्ट्री निरस्त

ग्रामीणों के अनुसार चारागाह की 67 एकड़ जमीन 173 किसानों के नाम पर दर्ज थी। इस जमीन के रिकार्ड में छेड़छाड़ कर 4 किसानों के नाम पर दर्ज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन चार किसानों के नाम पर जमीन दर्ज की गई है, उनमें सबसे बड़ी जमीन प्रेमलाल के नाम पर दर्ज है। चारों किसान मिलकर इस जमीन का सौदा एक बड़े कारोबारी से कर चुके थे। इस जमीन पर अब तक उसी का ही कब्जा है। गांव वालों के विरोध और समझाइश के बाद प्रेमलाल ने अपने नाम पर दर्ज जमीन की रजिस्ट्री को निरस्त करा ली है। इधर अन्य 3 किसानों ने अब तक रजिस्ट्री निरस्त नहीं कराई है। इसके कारण अब तक जमीन का मामला तहसील में लंबित है।

### एक दिन व्यापार बंद कर जताया था विरोध

चारागाह की जमीन का सौदा और कब्जा के विरोध में पूरा गांव एकजुट हुए थे और एक दिन के लिए बंद का आव्हान किया था। इस आंदोलन के दौरान गांव के सभी व्यापारियों ने भी अपना समर्थन दिया था। आंदोलन के दौरान गांव वालों की बैठक भी हुई थी, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चारागाह की जमीन को किसानों को वापस दिलाई जाएगी, जिससे उस जमीन पर विकास कार्य हो सके।

### जांच की जा रही


रिकार्ड से 169 किसानों के नाम कैसे हट गए, कहां गड़बड़ी हुई है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है, इसकी जांच की जा रही है। रिकार्ड के अनुसार किसानों के सभी नाम पुन: जोड़े जाएंगे। गांव वालों को वंशावली रिकार्ड ढूंढने के लिए कोई आदेश नहीं दिया हूं।

**- नंदकुमार चौबे,** एसडीएम रायपुर

### तत्कालीन तहसीलदार-पटवारी पर गिर सकती है गाज

ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि पुराने रिकार्ड से 169 किसानों के नाम हटाकर 4 किसानों के नाम किए जाने का पुरा खेल तहसील कार्यालय से ही हुआ है। तत्कालीन पटवारी और तहसीलदार के द्वारा ही यह रिकार्ड सुधारा गया है। अगर रिकार्ड से छेड़छाड़ नहीं होता तो चार किसानों के नाम पर भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो पाती। ग्रामीणों का कहना है कि रिकार्ड में किए गए छेड़छाड़ का परिणाम ही है कि चारागाह की जमीन पर भू-माफिया का कब्जा है।

# दिनभर छाए बादल रात होते ही जमकर गरजे पर बरसे नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश थमने के बाद मौजूद नमी और तेज धूप की वजह से बढ़ी बेचैनी दूसरे दिन भी जारी रही। राजधानी के ऊपर दिनभर बादल छाए, रात होने के बाद जमकर गरजे भी, मगर बारिश का असर कुछ देर ही रहा।

■ दूसरे दिन भी उमसभरी गर्मी ने किया परेशान

राज्य में व्यापक बारिश की संभावना दो दिन बाद ही नजर आ रही है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में मानसून अभी शिथिल अवस्था में है, जिसकी वजह से जमकर बारिश होने की संभावना दो दिन तक नहीं है। वातावरण में काफी मात्रा में उमस है और दिन में तेज गर्मी पड़ रही है। इसके मिश्रित प्रभाव से मंगलवार की रात मौसम का मिजाज बदला। शहर में काफी देर तक बादल जोरों के साथ गरजे। इसके साथ ही बारिश शुरू हुई, मगर थोड़ी देर में ही सब कुछ थम गया। शहर में ही खंड वर्षा जैसी स्थिति रही, जयस्तंभ चौक में तेज बारिश हुई, मगर बूढ़ापारा से आगे बूंदाबांदी होती रही। ▶▶|शेष पेज 11 पर

### तापमान 30 से 35 के बीच

राज्य के प्रमुख शहरों का तापमान मंगलवार को 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम पारा 33.3 डिग्री रहा, वहीं राजनांदगांव का सर्वाधिक 35.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। सबसे कम तापमान जगदलपुर का 30.7 डिग्री रहा। मंगलवार को दिनभर में बिलासपुर में ही 43 मिमी. बारिश दर्ज की गई और शेष इलाकों में छींटे पड़ने जैसी स्थिति बनी रही।

# आरक्षण पर भारत बंद आज, चैंबर आफ कामर्स ने नहीं दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ, सर्व समाज के पदाधिकारियों से चैंबर से किया संपर्क

■ बसपा ने बंद का समर्थन किया

सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आरक्षण वर्गीकरण आदेश के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंद को लेकर प्रदेश के बड़े व्यापारिक संगठन छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने अपना समर्थन नहीं दिया है। व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखने से इनकार करते हुए कहा है कि मार्केट खुला रहेगा। वहीं छत्तीसगढ़ बहुजन समाज पार्टी ने इस बंद का समर्थन कर हर जिला अध्यक्ष को मार्केट बंद करवाने की जिम्मेदारी दी है। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, बसपा, सर्व समाज, गोंडवाना गोंड महासभा सहित अन्य संगठनों ने भारत बंद का समर्थन कर इसके लिए समाज प्रमुखों ने जिला अध्यक्षों से चर्चा कर सहमति दी है।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव सहित अन्य पदाधिकारियों से छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ और सर्व समाज के पदाधिकारियों ने संपर्क किया। राजधानी के बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन में पदाधिकारियों ने मंगलवार को बैठक की। बंद का समर्थन कर रहे संगठनों से आए पदाधिकारियों ने इस मौके पर कहा कि वे भारतबंद के लिए चैंबर का समर्थन मांगने पहुंचे हैं। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर भारत बंद को लेकर जानकारी नहीं मिली है। इसीलिए बिना पूर्व सूचना के बंद को समर्थन देने में असमर्थ हैं। सूत्रों के मुताबिक चैंबर की ओर से कहा ▶▶|शेष पेज 11 पर

### भाकपा माले ने किया भारत बंद का समर्थन

जाति जनगणना में बिना उपजाति आरक्षण को एससी, एसटी के साथ धोखा बताते हुए भाकपा माले रेडस्टार ने 21 अगस्त के भारत बंद का समर्थन किया है। राज्य सचिव सौरा यादव ने कहा है कि एससी एसटी के भीतर उप जाति आरक्षण पर निर्णय के संबंध में एक व्यापक स्थिति लेने के लिए सभी विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखना होगा। क्योंकि इसमें शामिल मुद्दे जटिल और बहुआयामी हैं।

# कमल विहार में मकान जमीन दिलाने के नाम पर ठगी, सरगना गिरफ्तार

■ आरोपी के कब्जे से नकदी तीन लाख रुपए व एक मोबाइल बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने कमल विहार में मकान और जमीन दिलाने के नाम पर करीब एक करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा का रहने वाला है। इससे पूर्व पुलिस इस मामले में एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों रिश्ते में भाई-बहन हैं। इन दोनों आरोपियों की ▶▶|शेष पेज 11 पर

### ठगी की रकम से बुलेट और टाटा एस वाहन खरीदा

पुलिस की पूछताछ में आरोपी अभय ने बताया कि ठगी की रकम से उसने एक बुलेट और टाटा एस मालक वाहक खरीदा है, जो उसके ओडिशा स्थित घर में है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम को वाहन को बरामद करने के लिए ओडिशा के लिए रवाना किया गया है।

### 33 लोगों को ठगा गया

पुलिस अधिकारियों ने ठग गिरोह के मुख्य आरोपी खीरसिंदुर सागर उर्फ अभय यादव निवासी ग्राम जटगढ़ थाना कोमना जिला नुआपाड़ा ओडिशा को गिरफ्तार करने के बाद इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी ने शहर के लालपुर में रियल एस्टेट कंस्ट्रक्शन के नाम पर दफ्तर खोल रखा था। इस दफ्तर के जरिए वह कमल विहार सेक्टर-1 में सस्ते दामों पर स्वतंत्र मकान और जमीन दिलाने के नाम पर लोगों को अपने झांसे में लेता था। इस काम में ग्राम लालपुर छपौरा विधानसभा निवासी चेतना यादव ▶▶|शेष पेज 11 पर

यात्रियों से वेटिंग हॉल फुल डॉरमेट्री में भी एडवांस बुकिंग

# रक्षाबंधन पर ट्रेनों की गति धीमी 4 से 5 घंटे विलंब से पहुंच रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रक्षाबंधन में एक तरफ यात्रियों को ट्रेनों में कन्फर्म सीट नहीं मिल रही है, तो वहीं दूसरी ओर रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों की लेटलतीफी जारी है। विलंब से चल रही इन ट्रेनों को समय पर चलाने के लिए रेल प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। पूछताछ केंद्र में पिछले कई दिनों से यात्रियों को एक ही जवाब मिल रहा है कि विलंब प्रारंभिक स्टेशन से हुआ है।

यह स्थिति किसी एक दिशा की ट्रेनों की नहीं है। मुंबई, दिल्ली, हावड़ा, गुजरात समेत सभी दिशाओं से चलने वाली ट्रेनें प्रतिदिन रायपुर रेलवे स्टेशन में देर से आ रही हैं। मंगलवार के बाद बुधवार को भी ट्रेनों के परिचालन की स्थिति कुछ इसी तरह देखने को मिली। साउथ बिहार एक्सप्रेस 3:30 घंटे, अहमदाबाद एक्सप्रेस चार घंटे, हावड़ा मुम्बई मेल 3:30 घंटे, सूरत मालदा एक्सप्रेस तीन, उत्कल एक्सप्रेस चार, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस दो घंटे, लिंक एक्सप्रेस एक घंटे और हावड़ा- पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस एक घंटे विलंब से बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची।

### *पटरियों में काम की वजह से भी लेट हो रही लंबी दूरी की ट्रेन*



### यात्रियों से वेटिंग हॉल भी फुल

ट्रेनों के विलंब होने से रेलवे स्टेशन का वेटिंग हाल भी इन दिनों यात्रियों से भरा हुआ है। जगह नहीं होने से कई यात्रियों को प्लेटफार्म में ही ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह और रात के समय यात्रियों को दिक्कत अधिक हो रही है। दोपहर और शाम की ट्रेन 1 से 2 घंटे लेट है, तो वहीं सुबह की ट्रेन 5 से 6 घंटे तक है। रक्षाबंधन के बाद अब 24 अगस्त तक भीड़ ट्रेनों में रहेगी।

### ट्रेन रद्द के बाद लेटलतीफी से परेशान

इन ट्रेनों के लेट होने से यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासकर रक्षाबंधन पर घर आए भाई व बहनों को परेशानी हुई। अभी बिलासपुर समेत अलग- अलग जोन में अधोसंरचना से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। इस वजह से ट्रेनों को रद कर दिया गया। जो ट्रेनें रद्द नहीं हुई है, वह विलंब से चल रही है। इस वजह से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।

### *डॉरमेट्री में वेटिंग जैसी स्थिति*

*बीते तीन महीने से ट्रेनों की लेटलतीफी बढ़ गई है। लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेन 4 से 5 घंटे देर से चल रही है। यात्री स्टेशन तो अपने समय पर पहुंच जाते हैं, लेकिन रात की ट्रेन सुबह आती है। इस वजह से डॉरमेट्री में अब वेटिंग जैसी स्थिति बन चुकी है। कमरे की बुकिंग के लिए यात्रियों को इंतजार करना पड़ रहा है। एक रूम 12 घंटे के लिए यात्रियों को मिलता है। बुकिंग फुल चलने से यहां भी यात्रियों तत्काल में रूम नहीं मिल रहा है। इस वजह से अब डॉरमेट्री में यात्री रेलकर्मी के पास एडवांस में बुकिंग करवा रहे हैं, ताकि रूम खाली होने से उन्हें तुरंत रूम मिल सके।*

# शराब दुकान के सामने लहराया चाकू, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




तिल्दा-नेवरा पुलिस ने शराब दुकान के सामने चाकू लहराकर आतंक फैलाते एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, अकबर पारधी निवासी ग्राम जलसो नेवरा शराब दुकान के सामने मेनरोड पर अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर लहराते हुए, आने जाने वाले आम लोगों को डरा-धमकाकर भयभीत कर रहा था। इसकी सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक नग स्टील का धारदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से मिले कांग्रेसी, झूठे आरोपों में गिरफ्तारी का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। उसके बाद कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में पार्टी ने फैसला लिया है कि 24 अगस्त को पूरे छत्तीसगढ़ में पार्टी विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि देवेंद्र यादव को झूठे केस में फंसाया गया है। कानून व्यवस्था के मोर्चे पर अपनी विफलता को छिपाने के लिए विष्णु देव साय सरकार ने यादव को फंसाया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बैठक के संबंध में बताया कि कांग्रेस विधायक दल की मीटिंग में नेताओं ने यादव को झूठे आरोपों और गिरफ्तारी में फंसाए जाने पर चिंता व्यक्त की तथा अन्याय को बर्दाश्त नहीं करने का फैसला किया। यह निर्णय लिया कि हम इस मुद्दे पर मिलकर लड़ेंगे। कांग्रेस विधायक और नेता 22 अगस्त को जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और 24 अगस्त को विरोध प्रदर्शन करेंगे। तीन स्तर पर लड़ाई लड़ने की तैयारी पार्टी ने की है। कानूनी तौर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। धरना प्रदर्शन के माध्यम से जमीन पर लड़ाई लड़ी जाएगी और फिर आमने-सामने की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। हम इस मामले को राज्य के राज्यपाल के समक्ष उठाएंगे।

## कांग्रेस ने की तीन स्तर पर लड़ाई लड़ने की तैयारी



### धोखा देकर किया गिरफ्तार- भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, देवेंद्र यादव से मुलाकात हुई, उन्होंने बताया कि जब गिरफ्तारी की गई, तो उस दौरान एफआईआर की कॉपी नहीं दी गई। जो भी नोटिस दिया गया, वह कानूनी धारा 160 के तहत दिया गया है। जो गवाही का नोटिस होता है, गवाही लेने की बात कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। उनको धोखा देकर गिरफ्तार किया गया है।

### केवल पांच लोगों को मिलने दिया- महंत

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, हम यहां देवेंद्र यादव से मिलने आए थे, लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश पर पांच लोगों को ही उनसे मिलने दिया गया है। अन्य विधायक भी देवेंद्र यादव को लेकर चिंतित थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। भूपेश बघेल ने भी 5-5 करके सबको मिलने देने के लिए कहा, लेकिन उन्हें तब भी जाने नहीं दिया गया। इस तरह साय का प्रशासन यहां भी चुस्त है।

### जेल में देवेंद्र यादव से मिले कांग्रेस नेता

जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से कांग्रेस के नेताओं ने मुलाकात की है। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत और पूर्व सीएम भूपेश बघेल की अगवाई में कांग्रेस नेताओं की एक टीम रायपुर सेंट्रल जेल पहुंची। यहां उन्होंने विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। जेल में मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने देवेंद्र यादव के साथ जेल में किसी तरह का गलत व्यवहार ना होने की जानकारी मीडिया को दी। देवेंद्र यादव से मुलाकात करने वालों में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, विधायक उमेश पटेल और लालजीत सिंह राठिया शामिल थे।

### *दुर्ग-भिलाई में भूपेश और रायपुर में बैज मोर्चा संभालेंगे*

*कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में छत्तीसगढ़ कांग्रेस 24 अगस्त को प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन करेगी। प्रदर्शन के लिए जिलेवार प्रभारी की भी नियुक्ति की गई है। रायपुर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज मोर्चा संभालेंगे। दुर्ग और भिलाई में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बिलासपुर शहर और ग्रामीण में रामकुमार यादव को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेशव्यापी प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी को लेकर अपना विरोध जताएंगे।*

## खबर संक्षेप

### अभिजीत को चिकित्सा शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर**। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अभिजीत सिंह को उनके वर्तमान दायित्व के साथ संयुक्त सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी क्रम में प्रभात मलिक को संयुक्त सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दोनों अधिकारियों के अन्य प्रभार यथावत रहेंगे। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के दो प्रशिक्षु अधिकारियों को अनुविभागीय अधिकारी बनाया गया है। नम्रता जैन सहायक कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली जिला महासमुंद, प्रखर चंद्राकर सहायक कलेक्टर कांकेर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ नियुक्त गया है।

### दो जिलों के प्रभारी सचिव बदले

**रायपुर**। राज्य सरकार ने दो जिलों के प्रभारी सचिव बदले हैं। 2008 बैच के आईएएस राजेश सिंह राणा को सारंगढ़ बिलाईगढ़ का प्रभारी सचिव बनाया गया है, तो वहीं शिखा राजपूत तिवारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की प्रभारी सचिव होंगी। जीएडी से जारी आदेश के मुताबिक प्रभारी सचिव को महीने में कम से कम एक बार जिले का भ्रमण कर समीक्षा करनी होगी। भ्रमण से संबंधित टीप चीफ सेक्रेट्री को भेजना होगा। इससे पहले राज्य सरकार ने 1 जुलाई 2024 को प्रभारी सचिव की नियुक्ति का आदेश जारी किया था।

### राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में राजीव गांधी की जयंती के अवसर उनके छायाचित्र में पुष्पांजली माल्यार्पण अर्पित कर स्मरण कर श्रद्धांजली दी गयी। छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस भवन में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र चौबे, पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेड़िया, विधायक जनक धुरव, इन्द्र साव, चतुरी नंद, विधायक रामकुमार यादव, विधायक संदीप साहू, विधायक बालेश्वर साहू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, गुरूमुख सिंह होरा, पंकज शर्मा, शिव सिंह ठाकुर, सुबोध हरितवाल, उधोराम वर्मा, कुलदीप जुनेजा, सलाम रिजवी, पूनम पांडेय, सारिक रईस खान, प्रशांत ठेंगड़ी सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

### अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़े को धोबी समाज में किया शामिल

**रायपुर**। धोबी समाज के नवयुवक रामनगर सुपेला निवासी युवक ने साहू समाज की बालिग कन्या से आर्य समाज मंदिर में रजिस्टर्ड मैरिज भी की थी, परंतु समाज में अंतर्जातीय विवाह को मान्य नहीं किए जाने से प्रेमी जोड़े ने समाज के समक्ष गुहार लगाई थी। समस्त जानकारी प्राप्त करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने इस प्रेमी जोड़े को समाज में शामिल करने का निर्देश जारी किया। दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद प्रमाण पत्र देकर समाज में शामिल किया गया।

### सतनामी समाज की असहमति के बाद जबरन समाज के आयोजन में पहुंचे थे देवेंद्र

# मंत्री बघेल का आरोप- बलौदाबाजार में शांतिपूर्ण आंदोलन को हिंसक बना देना कांग्रेस के टूलकिट का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बलौदाबाजार की घटना के संदर्भ में भिलाई नगर के कांग्रेसी विधायक देवेन्द्र यादव के अपराधिक कृत्यों एवं उस घटना में उनकी संलिप्तता के संबंध में कहा, सतनामी समाज की असहमति के बावजूद भी वह जबरन समाज के आयोजन में पहुंचे। साथ ही भिलाई से बहुत से असामाजिक और शरारती तत्वों को भी अपने साथ ले गए थे। उन्होंने लोगों को बलौदाबाजार कलेक्टोरेट परिसर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तोड़-फोड़ आगजनी के लिए उकसाया। उनके साथ गये असामाजिक तत्वों ने इस घटना को अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाई। कांग्रेस को उकसाने की कार्रवाई से बाज आते हुए समाज और न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना चाहिए। दोषी चाहे कितना भी बड़ा व्यक्ति हो, उसे छोड़ा नहीं जायेगा। प्रेसवार्ता के पूर्व में संवाददाताओं को वीडियो फूटेज भी दिखाया गया, जिसमें विधायक श्री यादव लोगों को भड़काते नजर आए। उन्होंने बताया कि इस वीडियो में आपने देखा कि एक संगीन प्रकरण में गिरफ्तारी के बावजूद किस तरह आदतन अपराधी की तरह से विधायक देवेन्द्र यादव व्यवहार करते नजर आ रहे हैं। किस तरह वे सतनाम समाज के पवित्र झंडे को अपने पावों पर रख रहे हैं, इस तरह आप इनकी मंशा को समझ सकते हैं। 10 जून को बलौदाबाजार में वास्तव में एक शांतिपूर्ण आन्दोलन को भड़का कर उसे हिंसक बना देना कांग्रेस के टूलकिट का हिस्सा था। यहां तक कि अमर गुफा की घटना भी इनके टूल किट का ही हिस्सा था। प्रदेशभर में ऐसी घटनाएं हो रही हैं या साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक सनम जांगड़े की अगआई में एक टीम बनी थी, उस टीम ने सिफारिश की है कि समाज के अनेक ऐसे लोग कांग्रेस की इस साजिश का शिकार हो गए हैं, वे निर्दोष हैं, उन्हें जांच कर मुक्त करने की कार्रवाई चल रही है। इस मौके पर दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा उपस्थित थे।

### कांग्रेस के टूल थे देवेंद्र

उन्होंने कहा, एक सोची-समझी साजिश के तहत बिना बुलाये कांग्रेस विधायक भिलाई नगर से बलौदाबाजार पहुंचे। उन्हें मंच पर समाज के लोगों ने चढ़ने भी नहीं दिया, फिर भी नीचे बैठ कर दंगे की साजिश को अंजाम दिया। आखिर समाज की बैठक में भिलाई नगर के विधायक का क्या काम हो सकता था भला? कांगेस के अन्य विधायक वहां मौजूद नहीं थे, लेकिन श्री यादव वहां फसाद कराने भिलाई से पहुंच गए। बलौदाबाजार और भाटापारा के कांग्रेस विधायक भी वहां नहीं पहुंचे थे, लेकिन कांग्रेस के टूल के रूप में देवेन्द्र यादव पहुंच गए। उन्होंने अपने समर्थकों को उत्प्रेरित कर कानून को अपने हाथ में लेने का षड्यंत्र किया, जिससे करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ।



### *गवाहों को धमकाने का प्रयास*

*देवेन्द्र यादव को बलौदाबाजार मामले में लगातार नोटिस दिये जाने के बाद भी ना ही कभी उपस्थित हुए और ना ही जांच में सहयोग किया। वे राहत पाने हाईकोर्ट भी गए, लेकिन वहां से भी इन्हें कोई राहत नहीं मिली। उनके द्वारा बलौदाबाजार के प्रकरण में गवाहों को धमकाने का भी प्रयास कर विवेचना को बाधित किया गया।*

### *आधा दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण*

*उन्होंने कहा, आपराधिक कृत्यों में जुड़े रहने का यह श्री यादव का पहला मामला भी नहीं है, ये आदतन अपराधी रहे हैं। इससे पहले ईडी द्वारा कोल घोटाले में देवेन्द्र यादव को चार्टशीट किया गया है तथा उच्च न्यायालय में इस प्रकरण में देवेन्द्र यादव की अग्रिम जमानत की याचिका भी खारिज हो चुकी है। देवेन्द्र यादव के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कुछ प्रकरण तो इतने संगीन हैं कि कांग्रेस की भूपेश सरकार भी चाह कर भी यादव के प्रकरण को वापस नहीं ले पायी। कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव के खिलाफ ज्यादातर दर्ज मामले बलवा, आगजनी, तोड़फोड़ एवं लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा शासकीय सेवकों पर हमला करने वाले ही हैं। 10 जून को बलौदाबाजार में घटित अपराध में भी इसी तरह के अपराध में विधायक देवेन्द्र यादव की संलिप्तता प्रमाणित हुई है।*

# राजिम माघी पुन्नी मेला अब हुआ कुंभ कल्प मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राजिम माघी पुन्नी मेला का नाम बदलते हुए इसे छत्तीसगढ़ राजिम कुंभ (कल्प) मेला कर दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राजिम माघी पुन्नी मेला (संशोधन) अधिनियम 2024 में संशोधन किया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके साथ ही यह बदलाव प्रभावी हो गया है। उल्लेखनीय है कि राजिम में पूर्ववर्ती भाजपा की रमन सरकार के समय से राजिम कुंभ मेला आयोजित किया जा रहा था। 2018 में राज्य में कांग्रेस सरकार बनने के बाद इसका नाम बदलकर राजिम माघी पुन्नी मेला कर दिया गया था। कांग्रेस की इस संबंध में दलील थी कि पूर्व से ही यह मेला राजिम माघी पुन्नी मेला के नाम से आयोजित किया जाता रहा है। कांग्रेस सरकार में इस मेले का आयोजन राजिम माघी पुन्नी मेला के रूप में होता रहा। इधर 2023 में कांग्रेस की सरकार बदलने के बाद बनी भाजपा नेतृत्व की सरकार ने एक बार फिर इस मेले का नाम बदलकर माघी पुन्नी मेला की जगह कुंभ (कल्प) मेला कर दिया है। इस संबंध में राज्य विधानसभा में भी प्रस्ताव लाया जा चुका है।

- राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना

# सहकारी समितियों की आमदनी बढ़ाने नए काम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय में राज्य सहकारी विकास समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। बैठक में सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के अंतर्गत सहकारिता के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में सहकारिता के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। कृषि, मत्स्य पालन, वन सहित अन्य विभागों के अंतर्गत सहकारी समितियों के माध्यम से कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सहकारिता क्षेत्र के अंतर्गत काम करने वाले सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सहकारी समितियों के अंतर्गत निर्मित गोदामों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में सहकारिता विभाग के सचिव सीआर प्रसन्ना, कृषि विभाग की सचिव शहला निगार, संचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा सहित सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

# 1 सितंबर से शुरू होगा भाजपा का सदस्यता अभियान, दो माह में होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान की कार्यशाला में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करें। यह लक्ष्य जब संगठन व सत्ता के सामने होता है, तब वह आगे बढ़ता है। 2025 में हमारे वैचारिक अधिष्ठान का शताब्दी वर्ष है। संगठनात्मक दृष्टि से सदस्यता अभियान हमें दो माह में पूर्ण करना है। 1 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। ऐसे भी कई बूथ हैं, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं को ज्यादा ध्यान देना है, ताकि पार्टी को नुकसान न हो और पार्टी के वैचारिक धरातल को हमें मजबूत बनाना है। सभी जिलों की बैठक 22 से 24 अगस्त तक होगी। 1 सितंबर को प्रधानमंत्री दिल्ली से सदस्यता ग्रहण कर अभियान शुरू करेंगे। अगले दिन 2 सितंबर को प्रदेश और 3 सितंबर को जिला मुख्यालयों में और फिर मंडल मुख्यालयों तक समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी। शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक व सदस्यता सहयोगी मिलकर 30 अगस्त तक अभियान की संरचना पूर्ण करेंगे।

### सभी जिलों की बैठक 22 से 24 अगस्त तक होगी



### जन प्रतिनिधि को दिया गया 50 सदस्य बनाने का लक्ष्य

श्री साय ने बताया कि जन प्रतिनिधियों को भी सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है, ताकि सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़े और सभी लोगों को 50 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया। कागजी और ऑनलाइन सदस्यता का अपडेट केन्द्र तक जाएगा, इसलिए सदस्यता फार्म और ऑनलाइन डाटा अपडेट रखना है। सांसदों और विधायकों जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौरों को व्यक्तिगत रूप से सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। विषय की सुगम जानकारी के लिए जिला और मंडल स्तर पर भी कार्यशाला होगी जिसमें सभी प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### दो-ढाई माह में पूर्ण करना है कार्य- किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, आज यह कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण है। सदस्यता अभियान की इस कार्यशाला में सदस्यता के विभिन्न चरणों का कुशल सम्पादन करने के संबंध में हम सब सक्रिय हो। हमारा सबसे प्रमुख कार्यक्रम सदस्यता अभियान है। भाजपा ही एकमात्र कार्यक्रम आधारित राजनीतिक दल है। लेकिन तेजी से काम करें। पिछला सदस्यता अभियान 6 माह तक चला था लेकिन इस बार दो-ढाई माह की अवधि में यह कार्य पूर्ण करना है।

### बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान चलाएं- अजय जामवाल

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि कोरोना, चुनाव व्यस्तता के चलते इस बार 10 साल बाद हमें संगठन पर्व मनाने का अवसर मिला है। सभी कार्यकर्ता 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक अपने लक्ष्य को अर्जित करें, इसके लिए हमें संगठन पर्व को अपनी प्राथमिकता में रखना है। इस बार के सदस्यता अभियान में एकदम सटीक डाटा मिले, इसके लिए बूथ स्तर तक प्रवास करके सदस्यता अभियान को पूर्ण करना है।

### हर स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति होगी- अनुराग

सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा, छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की कड़ियों पर ध्यान दें। 2014 में सदस्यता अभियान में 22 लाख सदस्य बनाए गए और 2019 में 9 लाख सदस्य बनाए गए थे। कुल 31.40 लाख सदस्यों को पुनः सदस्यता दिलाई जाएगी। चुनावी रणनीति की तरह ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस निमित्त जिला, मंडल स्तर पर भी कार्यशालाएं होंगीं और मंडल, बूथ प्रभारी नियुक्त होंगे। सभी बूथ नेताओं को एक-एक मंडल का सौंपा जाएगा। सभी सदस्यता टोली सीधे बूथ स्तर पर पहुंचेगी और 200 सदस्य बनाएंगे। द्वितीय चरण में व्यावसायिक, शैक्षिक आदि सार्वजनिक संस्थानों और कमजोर क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। तीसरे चरण में सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे।

## सरकारी अस्पताल में बीपीएल परिवार की पहली बिटिया जन्म होने पर 20 हजार एकमुश्त एफडी

# केवल अमृत नल कनेक्शन पर हो पाई बात, 3 अहम विषयों पर टाल दी चर्चा

- ओपन प्लॉट पर वन टाइम सेटलमेंट, सफाई कर्मचारियों को सुबह का नाश्ता फ्री देने का प्रस्ताव
- महापौर ने कहा- अहम विषय की फाइल पर कमिश्नर के हस्ताक्षर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में मंगलवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक हुई। इसमें अमृत नल कनेक्शन पर ही बात हो पाई। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के शहर से बाहर होने के कारण तीन अहम विषय पर प्रस्तावित चर्चा को एमआईसी मेंबरों ने टाल दिया है। महापौर एजाज ढेबर ने बताया, ओपन प्लॉट पर वन टाइम सेटलमेंट, गरीब परिवार में पहली बिटिया के सरकारी अस्पताल में जन्म पर 20 हजार की एकमुश्त एफडी और 4 हजार सफाई कर्मचारियों के लिए सुबह का नाश्ता फ्री उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण प्रस्ताव वाली फाइल पर कमिश्नर के हस्ताक्षर नहीं होने से इस विषय पर एमआईसी में चर्चा नहीं हो पाई। निगम मुख्यालय में हुई एमआईसी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अमृत मिशन के दूसरे चरण के अंतर्गत रायपुरा, कुकुरबेड़ा, भनपुरी, पुरानी भनपुरी, शंकरनगर, तेलीबांधा, ईदगाहभाठा, मठपुरैना, डगनिया, लालपुर, देवेन्द्र नगर और बैरनबाजार कमांड एरिया में जल प्रदाय प्रारंभ किया गया है। इसमें बहुत से हितग्राही अपरिहार्य कारणों से अमृत मिशन के तहत नल कनेक्शन नहीं ले पाए हैं। इन हितग्राहियों के देय संपत्ति कर और जलकर का परीक्षण करने के बाद इन्हें नगर निगम निःशुल्क नल कनेक्शन देगा। नगर निगम द्वारा ब्याज निधि से टेंडर कर नल कनेक्शन प्रदान किया जायेगा।

### कमिश्नर के बाहर रहने से अटक गई फाइल




### नए नल कनेक्शन वालों को शुल्क लेकर नल कनेक्शन

सूत्रों के मुताबिक अमृत मिशन के तहत शहरभर में कराये गये सर्वे में 70 हजार नल कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया गया। ये सभी नल कनेक्शन अब तक लगा दिये गये हैं। कई ऐसे लोग जो अब तक अमृत के तहत नये नल कनेक्शन नहीं ले पाये, उन्हें नियम अनुसार शुल्क लेकर नया नल कनेक्शन देने का निर्णय एमआईसी की बैठक में लिया गया है। एमआईसी की बैठक में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव, सतनाम पनाग, जितेंद्र अग्रवाल, समीर अख्तर, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, सहदेव व्यवहार, आकाश तिवारी, द्रौपती-हेमंत पटेल, अंजनी-राधेश्याम विभार, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, विनोद पांडेय, उपायुक्त कृष्णा खटिक, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, सभी जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता और विभागों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने वामनराव लाखे की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. वामनराव लाखे की 21 अगस्त को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा है कि श्री लाखे ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता के माध्यम से किसानों सहित लाखों लोगों के आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला रखी। उन्होंने रायपुर में सहकारी बैंक की स्थापना की। राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में जनजागरण के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। खादी के प्रचार-प्रसार के साथ शिक्षा के विकास के लिए भी वे सक्रिय रहे। छत्तीसगढ़ में पहली मासिक पत्रिका के प्रकाशन का श्रेय भी लाखेजी को जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि लाखेजी आजीवन सहकारी संगठनों की मजबूती के लिए लगे रहे। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज सहकारिता के माध्यम से लाखों लोगों के रोजगार और आगे बढ़ने का सपना सच हो रहा है।

### डॉ. सिन्हा बने एचओडी कम्युनिटी मेडिसिन

रायपुर। शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर के कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी सहायक प्राध्यापक डॉ. आशीष सिन्हा को दी गई है। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया ने आदेश जारी किया है। विभाग के पूर्व एचओडी डॉ. निर्मल वर्मा को निलंबित किए जाने के बाद शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर भेज दिया गया था। डॉ. वर्मा को शासन ने कोरोनाकाल में खरीदी में अनियमितता का दोषी पाया गया था।

## निधन

### कृष्णा शर्मा



रायपुर। रविनगर ईएसी कॉलोनी निवासी कृष्णा शर्मा (65) का 20 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 अगस्त को सुबह 9.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे घनश्याम शर्मा की पत्नी थीं।

### सुशीला देवी जैन



रायपुर। रोहिणीपुरम निवासी इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष सुशीला देवी जैन का 20 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 अगस्त को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे समाजसेवी सनत जैन की पत्नी थीं।

### रुक्मणी रूपरेला



रायपुर। दिव्य कॉलोनी अमलीडीह निवासी रुक्मणी रूपरेला का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 अगस्त को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे कन्हैया रूपरेला की पत्नी और अशोक, इंदर, जगदीश रूपरेला की माता थीं।

### राहुल श्रीवास्तव



रायपुर। वीडियोजर्नलिस्ट राहुल श्रीवास्तव का 20 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 अगस्त को सुबह 11.30 बजे बिलासपुर के सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। प्रेस क्लब परिवार ने उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी है।

# कोलकाता की घटना के बाद और चुस्त-दुरुस्त होगी आंबेडकर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सीसीटीवी की संख्या बढ़ेगी, निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनेगा

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में हुई घटना के बाद रायपुर के बाद आंबेडकर अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत वहां प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड की संख्या बढ़ाने के साथ सबके लिए आईडी कार्ड अनिवार्य किया जाएगा। चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने के साथ उसके कंट्रोल रूम की स्थापना भी की जाएगी। कोलकाता में रेसिडेंट डाक्टर के साथ हुई घटना के बाद देशभर में आंदोलन का दौर चल रहा है। इस दौरान विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों और उससे संबंधित अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने की कवायद शुरू की गई है।

डाक्टरों की ड्यूटी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नियम बनाने के लिए चिंतन मनन किया जा रहा है। वहीं स्थानीय स्तर पर भी इससे संबंधित छोटी-मोटी कमियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। आंबेडकर अस्पताल में इसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए प्रशिक्षित गार्ड रखे जाएंगे और उन्हें किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए ट्रेनिंग के साथ समय-समय पर मॉकड्रिल भी कराया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल के साथ ही चिकित्सकों की आवाजाही के लिए उपयोग में आने वाले मार्गों पर सीसीटीवी की संख्या बढ़ाई जाएगी।

## बढ़ाए जाएंगे प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड, आईडी कार्ड होगा अनिवार्य

### साफ-सुथरा ड्यूटी रूम

पिछले दिनों जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने अस्पताल में ड्यूटी रूम की संख्या बढ़ाने की मांग की थी। सीमित संख्या की वजह से कक्ष की संख्या बढ़ाना संभव नहीं है, इसलिए मौजूदा कक्ष को सुधारकर साफ-सुथरा करने का आश्वासन दिया गया है। वहीं अस्पताल परिसर के कुछ हिस्सों में पर्याप्त लाइटिंग नहीं होने की शिकायत की थी। इस आधार पर अस्पताल और मेडिकल कालेज हास्टल के बीच का मुआयना कर चिन्हित स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था बढ़ाई जाएगी।




### कुछ अन्य मांगें भी

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने इसके अलावा अस्पताल परिसर में चिकित्सकों के खानपान के लिए सुविधायुक्त कैंटीन की आवश्यकता बताई थी। इसके लिए अस्पताल भवन में पर्याप्त स्थान का अभाव है। उनकी डिमांड पर हर फ्लोर में जूनियर डाक्टरों की जरूरत के हिसाब से वाटर कूलर लगाने का आश्वासन भी दिया गया है।

### व्यवस्था में कसावट ला रहे

अस्पताल की सुरक्षा में कसावट लाने का काम किया जा रहा है। इसके तहत गार्डों की संख्या बढ़ाने के साथ उनके प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है। लाइटिंग और सीसीटीवी की संख्या भी बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

*- डॉ. एसबीएस नेताम*
*चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

छुट्टियों के बाद दफ्तरों के खुलने के पहले दिन भी लंच टाईम तक कई अधिकारी गायब मिले

# छुट्टियां खत्म, दफ्तर खुलते ही तहसील और कलेक्टोरेट में उमड़ने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- तहसील कार्यालय में सबसे ज्यादा भीड़ रही

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से लेकर रक्षा बंधन पर्व के दौरान लंबी छुट्टियों के बाद मंगलवार को सरकारी दफ्तरों के खुलते ही लोगों की भीड़ टूट पड़ी। अपना काम कराने पहुंचे कलेक्टोरेट से लेकर तहसील कार्यालय एवं रजिस्ट्री कार्यालय में लोगों की दिनभर भीड़ लगी है। सरकारी छुट्टियों के कारण चार दिन तक विभिन्न विभागों के कामकाज नहीं हो पाए, वहीं लोगों के काम भी अटके हुए थे जो दफ्तरों के खुलते ही पुनः होने लगे हैं। हालांकि इतने दिनों के बाद दफ्तरों के खुलने के कारण सुबह 10 बजे से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। तहसील कार्यालय में सबसे ज्यादा भीड़ रही। नामांतरण, बटांकन, सीमांकन से लेकर आय-जाति और निवास प्रमाण पत्र का काम के साथ सुनवाई में शामिल होने बड़ी संख्या में वकीलों के साथ पक्षकार भी पहुंचते रहे। त्यौहार के नाम से कुछ प्रकरण में पक्षकारों के नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई की तारीख भी बढ़ाई गई।





### कलेक्टोरेट में दिनभर लगी रही भीड़

कलेक्टोरेट में छुट्टियों के कारण राजस्व, भाड़ा नियंत्रण प्रकरणों की सुनवाई से लेकर नकल निकालने, लोक सेवा केंद्र सहित अन्य विभागों के कार्यालयों का कामकाज भी बंद था। इसके कारण लोगों के काम भी अटके हुए थे। छुट्टियां खत्म होते ही लोगों की इन कार्यालयों में भीड़ पहुंचने लगी। हालांकि छुट्टियों के बाद दफ्तरों के खुलने के पहले दिन भी लंच टाईम तक कई अधिकारी गायब मिले। कर्मचारियों से पूछताछ में कुछ अधिकारियों को फील्ड पर जाना बताया गया। इस कारण लंच टाईम तक लोग कई कार्यालयों के चक्कर लगाते भी दिखे।

### रजिस्ट्री कार्यालय में सामान्य दिनों की तुलना में कम रही भीड़

रजिस्ट्री कार्यालय में सामान्य दिनों की अपेक्षा आज भीड़ कम रही। इसका कारण त्यौहार बताया जा रहा है। उप पंजीयक बृजेश शुक्ला ने बताया कि सामान्य दिनों की तुलना में आज अपॉइंटमेंट कम है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त और रक्षा बंधन त्यौहार पड़ने के कारण लोगों ने कम अपॉइंटमेंट लिया है, जिसके कारण भीड़ भी कम है। उन्होंने आगामी दिनों में भीड़ बढ़ने की संभावना जताई है।

# पेड़ काटकर नाले में डाल दिया, सफाई ठप, रहवासियों ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर के पास का मामला
- विधायक, सांसद और आयुक्त से लेकर पार्षद तक शिकायत

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर के पास स्थित नाले की सफाई में कोताही से आसपास के रहवासी त्रस्त हैं। रहवासियों का कहना है कि 15 से 20 फीट के दर्जनभर पेड़ों को काटकर नाले में डाल दिया गया। इससे नाले की सफाई बाधित हो रही है। इसकी सूचना वार्ड पर्षद और जोन 9 के अधिकारियों को दी गई, पर ध्यान नहीं दिया गया। इससे त्रस्त होकर रहवासियों ने मंगलवार को खम्हाडीह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

प्रभावित रहवासियों का कहना है, विगत कई वर्षों से न तो नाला निर्माण हो रहा है, ना ही नाले की सफाइयां होती हैं। क्षेत्रीय विधायक के कहने पर एक बार सफाई हुई थी। आकाश नगर में हाउसिंग बोर्ड के रहवासी पहले अपने घर का कचरा फेंका करते थे और इस बार 15 से 20 फीट के पेड़ जिनकी संख्या दर्जनभर है, उन्हें काटकर के नाले में डाल दिया गया।

इसकी वार्ड पार्षद और नगर निगम जोन क्रमांक 9 के अधिकारी सहित क्षेत्र के सांसद, निगम आयुक्त और सभापति को देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे त्रस्त होकर रहवासियों को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने आना पड़ा। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक ने तत्काल जोन 9 के कमिश्नर को नाले की साफ सफाई कराने निर्देशित किया। इस मौके पर हरीश भाटिया, प्रतीक मिश्रा, जीएम खान सहित गायत्री नगर के निवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने नो योर आर्मी प्रदर्शनी की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मंच निर्माण, आंगुतकों के ठहरने की व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने दिए निर्देश

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मंगलवार को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नो योर आर्मी प्रदर्शनी की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने मंच निर्माण के लिए स्थल चयन, आंगुतकों के ठहरने की व्यवस्थाए आमंत्रित नागरिकों के बैठने की व्यवस्था समेत अन्य तैयारियों के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने आर्मी के जवानों के ठहरने की व्यवस्था भी देखी। साथ ही स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर



अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते समेत आर्मी के अधिकारी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि 5 और 6 अक्टूबर को नो योर आर्मी प्रदर्शनी का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदर्शित टैंक, तोप, हवा में मार करने वाले हथियार, ब्रिजिंग इक्विपमेंट सहित अन्य हथियारों के बारे में यहां के लोगों को देखने और जानने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही डॉग शो, आर्मी में बजने वाले आकर्षक बैंड शो, मार्शल म्यूजिक प्रोग्राम का भी आयोजन किया जाएगा।

# तेलीबांधा मुक्तिधाम की दयनीय दशा सुधारने की मांग



रायपुर। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पदाधिकारियों ने तेलीबांधा मुक्तिधाम की दयनीय दशा को समयसीमा में सुधारे जाने की मांग को लेकर विधायक पुरंदर मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर पदाधिकारियों ने बताया कि अपनों की अंतिम विदाई के बाद वहां शांति सभा करने के लिए एक बड़े शेड का निर्माण आवश्यक है, इसके अलावा अंत्येष्टि स्थल के आसपास भी टाइल्स आदि क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बारिश में लकड़ियों को भीगने से बचाने के लिए भी बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। नीचे पूरी जमीन पर भी अच्छा पेवर ब्लॉक लगाना होगा। सालभर शुद्ध पीने के पानी की सुविधा प्रदान करना भी नितांत आवश्यक है। इसके अलावा मुक्तिधाम में हरा-भरा गार्डन भी होना चाहिए। वाहनों के लिए पार्किंग की भी सुविधा विकसित करनी चाहिए, जिस पर विधायक ने तत्काल आयुक्त नगर निगम रायपुर के संज्ञान में तेलीबांधा मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार का विषय लाकर समयसीमा में अच्छे से अच्छा करने के दिशा निर्देश दिए। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष के नेतृत्व में संतोष शर्मा, सुरेश सोनी, श्यामसुंदर राय और छगनलाल साहू आदि शामिल थे।

## पेज 09 के शेष ...

### चिंता मत कीजिए...

शासकीय विवि से संबद्ध महाविद्यालयों का कहना है कि इससे उन्हें नुकसान हो रहा है। नियम सभी के लिए एक समान होने चाहिए। कई छात्र व्यक्तिगत परेशानियों के कारण तय तिथि में दाखिला नहीं ले पाते हैं। ऐसे में वे निजी महाविद्यालयों में प्रवेश ले रहे हैं। कोई कार्रवाई ना होने के कारण उनमें किसी तरह का भय भी नहीं है।

### दिनभर छाए बादल...

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में दो दिन से बारिश की गतिविधि थमी हुई है, जिसकी वजह से उमसभरी गर्मी ने लोगों को हलाकान करना शुरू कर दिया है। अनुमान है कि इस बेचैनी से दो दिन बाद ही राहत मिल सकती है। अभी बांग्लादेश के ऊपर निम्नदाब का क्षेत्र और चक्रीय चक्रवाती घेरा स्थित है। इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। अगले चौबीस घंटे में राज्य में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है।

### कमल विहार में मकान...

गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब फरार मुख्य आरोपी तक पहुंची है और गिरफ्तार करने के साथ उसके कब्जे से नकदी 3 लाख रुपए एवं एक मोबाइल बरामद किया है।

### 33 लोगों को...

और निहाल यादव जो रिश्ते में भाई-बहन के साथ अन्य कई लोगों को भी अपने गिरोह में शामिल किया था। इस तरह फर्जी दफ्तर की आड़ में गिरोह के लोगों को मकान और जमीन दिखाते थे और फिर बुकिंग के नाम पर उनसे नकदी या फिर ऑनलाइन के माध्यम से मोटी रकम लिया करते थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने करीब 33 लोगों को अपने जाल में फांसा था। इन सभी से करीब एक करोड़ रुपए की ठगी की गई है। ठगी करने के बाद आरोपी दफ्तर में ताला लगाकर फरार हो गए थे। मामला जब थाना तक पहुंचा, तब जांच करते हुए पुलिस ने सबसे पहले गिरोह में शामिल भाई-बहन को गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश कर रही थी, जिसे आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। इस प्रकरण में अभी भी कुछ लोग फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है।

### आरक्षण पर भारत...

गया कि प्रदेश में छोटे-छोटे व्यापारी, रेहड़ी वाले और व्यापारिक संगठन जुड़े हैं। जो फल-सब्जी दूध सहित अन्य कच्चे सामान का व्यवसाय करते हैं। बिना पूर्व सूचना के आकस्मिक बंद करने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। चैंबर की परंपरा अनुसार अल्प समय में बिना पूर्व सूचना व अन्य व्यापारिक संगठनों की बैठक लिये भारत बंद का समर्थन नहीं कर सकते। चैंबर भवन में हुई बैठक में भारत बंद का समर्थन मांगने पहुंचे पदाधिकारियों में सर्व समाज से सतजन सिंह बीपीएफ अध्यक्ष, श्याम जी प्रदेश अध्यक्ष बसपा, लता गेडाम प्रदेश सचिव बसपा, आरपी भतपहरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्व छत्तीसगढ़िया समाज, बीएस रावटे कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, एमपी गहिरवार, ओपी बाजपेयी, संजय गजभिये शामिल रहे। इस मौके पर चैंबर सलाहकार जितेंद्र दोषी, परमानंद जैन, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा चर्चा में शामिल रहे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-06 (खमतराई)**
**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 20/08/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सीता देवी पति हरिशंकर मिश्रा निवासी विशाल कालोनी बीरगांव छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम खमतराई पटवारी हल्का नंबर 38 राजस्व निरीक्षक मण्डल- रायपुर से स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 234/13 रकबा 0.008 हे, 910 वर्गफुट का सीमांकन न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/08/2024 के परिपालन में दिनांक 03/09/2024 को समय 1.00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 38 के खमतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-06 खमतराई**
**तह.व जिला रायपुर**

**// नाम परिवर्तन //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै पुराना नाम **लुबैना कपासी पति- अली असगर कपासी**, अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम **लुबैना अली असगर कपासी पति- अली असगर कपासी**, निवासी A-16/4 सेक्टर-3, वार्ड क्र- 01 नियर अग्रसेन भवन उदया नगर टाटीबंध, रायपुर - 492099 (छ.ग.) कर ली हूं।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम **लुबैना अली असगर कपासी पति- अली असगर कपासी** से जाना एवं पहचाना जाये।

**शपथकर्ता**
**नाम- लुबैना अली असगर कपासी**
**पता- ए-16/4, सेक्टर-3, वार्ड क्र 01 नियर अग्रसेन भवन उदया नगर टाटीबंध रायपुर (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492099**

# प्रदेश में अब तक 806.1 मिमी औसत वर्षा, बीजापुर में सर्वाधिक

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक, 1 जून से अब तक राज्य में 806.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 जून से 20 अगस्त सुबह तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1740.2 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 440.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 जून से अब तक सूरजपुर जिले में 799.1 मिमी, बलरामपुर में 1160.5 मिमी, जशपुर में 648.0 मिमी, कोरिया में 815.9 मिमी, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 817.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार रायपुर जिले में 689.8 मिमी, बलौदाबाजार में 828.5 मिमी, गरियाबंद में 766.3 मिमी, महासमुंद में 580.5 मिमी, धमतरी में 729.1 मिमी, बिलासपुर में 715.0 मिमी, मुंगेली में 789.3 मिमी, रायगढ़ में 722.9 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 458.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 800.0 मिमी, सक्ती 677.4 मिमी, कोरबा में 1006.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 756.7 मिमी, दुर्ग में 512.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 640.1 मिमी, राजनांदगांव में 836.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 935.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 595.4 मिमी, बालोद में 857.1 मिमी, बेमेतरा में 464.9 मिमी, बस्तर में 886.6 मिमी, कोण्डागांव में 803.9 मिमी, कांकेर में 1039.4 मिमी, नारायणपुर में 944.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 1025.1 मिमी और सुकमा जिले में 1118.0 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

Health Town
K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



गणेश चतुर्थी को लेकर बाजारों में भी रौनक दिखने लगी है। 7 सितंबर को पंडालों में भगवान गणेश विराजेंगे। शहर के मूर्तिकार भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। दूसरी ओर बाजार में गणेश प्रतिमाओं की बिक्री भी शुरू हो गई है। ऐसे में बाजार में मूर्ति खरीदने वालों की भीड़ हर दिन धीरे-धीरे बढ़ते जा रही है।

# पहली बार रोजाना बदले जाएंगे गणेश प्रतिमाओं के परिधान इसके साथ नव श्रृंगार, मुंबई व सूरत में तैयार हो रहे पोशाक

## बाजार में रेडीमेड पंडाल और छोटी मूर्तियों की बढ़ी बिक्री





**रायपुर।** बाजार में इस बार मूर्तिकारों ने ऐसी प्रतिमाएं तैयार की है, जिसमें हर दिन भगवान के वस्त्रों को बदला जा सकता है। इस वजह से अब समिति 11 दिनों के लिए भगवान के वस्त्र बनवा रहे हैं। समिति रोजाना भगवान का श्रृंगार करने के साथ-साथ नए वस्त्र भी पहनाए जाएंगे। पंडालों के लिए सजावटी सामान की बिक्री भी इन दिनों बिक्री बढ़ गई है। मूर्ति के अनुसार रेडीमेड पंडाल की मांग अधिक है। छोटी व बड़ी समितियां रंगीन कपड़े, आर्टिफिशियल फूल व झालर लाइट खरीदने बाजार पहुंच रही हैं।



### बच्चों को लुभा रहे बाल गणेशा

मूर्तिकारों ने इस गणेश प्रतिमा विभिन्न रूपों में तैयार की है, जिसमें बच्चों को बाल गणेशा के रूप में प्रतिमाएं लुभा रही हैं। बाजार में 50 से लेकर 2 हजार तक छोटी मूर्ति मौजूद है। दुकानदारों ने बताया कि शंख, डमरू, मोर व सिंहासन में बैठे गणेश भगवान अधिक पसंद किए जा रहे हैं। इको फ्रेंडली मूर्तियों में लाल बाग का राजा, लड्डू पकड़े हुए गणेश की बिक्री अधिक है। बाजार में गोबर व मिट्टी से बनी मूर्ति मिल रही है। माना के कलाकारों ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी 90 प्रतिशत मूर्तियों की बिक्री हो गई है। इस बार छोटी मूर्तियां अधिक बनाने के बाद भी कम पड़ गई हैं।

### शस्त्र और ज्वेलरी से देंगे नया स्वरूप



*गजानन की छोटी व बड़ी प्रतिमाओं के लिए समितियां कपड़े तैयार करवा रही हैं। श्री गणेश आर्ट्स स्टूडियो के करण राज सिंह ने बताया कि मुंबई और सूरत से भगवान के रंगीन पोशाक तैयार किए जा रहे हैं। लोग फोटो लेकर पहुंच रहे हैं। उसी रंग और डिजाइन के आधार पर कपड़े बनाए जा रहा हैं। शहर में इस बार समिति हर दिन नए वस्त्र गणेश जी को पहनाना चाहते हैं। कपड़े के अनुसार श्रृंगार भी अलग-अलग दिनों के लिए तैयार किया जा रहा है। शस्त्र और ज्वेलरी के जरिए भगवान को नया स्वरूप दिया जाएगा। एक फीट की मूर्ति के लिए कपड़े का खर्च लगभग 3 हजार तक है। शहर के दर्जनभर से अधिक समिति व लोगों ने भगवान के पोशाक तैयार करवाने के लिए आर्डर दिए हैं। यह नया चलन है, जिसकी मांग अधिक है।*



### 2 से 3 हजार में बिक रहे रेडीमेड पंडाल

बाजार में ऑफिस व घर में गणेश प्रतिमा स्थापित करने 2 से 3 हजार रुपए में रेडीमेड पंडाल उपलब्ध है। चक्र व लाइट से सजे हुए पंडाल की मांग अधिक है। लोग मूर्ति के अनुसार पंडाल खरीद रहे हैं। बाजार में लकड़ी और थर्माकोल की मदद से पंडाल तैयार किया जा रहा है। कलाकारों का कहना है कि समिति की मांग पर भी स्वागत द्वार और पंडाल बनाया जा रहा है। वर्तमान में ऑफिस के लिए पंडाल की बिक्री ज्यादा है। घरों के लिए कपड़े से सजा रेडीमेड पंडाल खरीदना लोग पसंद कर रहे हैं। पर्व के नजदीक आते ही आवश्यक पूजा सामग्री की बिक्री बढ़ गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में झालर, रंगीन लाइट की भी मांग है।

**सिटी इवेंट**

## छायाचित्र प्रदर्शनी के जरिए बता रहे क्रांतिकारियों की वीर गाथा



**रायपुर।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा 7 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लागई गई है। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी और विभिन्न वर्ग समुदाय के लोग टाउन हॉल पहुंच रहे हैं। यहां प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारियों की स्मृतियों को बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी स्कूली विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए ज्ञानवर्धक है।

### इतिहास, भूगोल आधारित क्विज स्पर्धा

स्कूली विद्यार्थियों के मध्य क्विज प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। विजयी प्रतिभागियों को तत्काल मिलने वाले पुरस्कार से प्रदर्शनी को लेकर स्कूली विद्यार्थियों और युवाओं में रूझान बढ़ा है। स्कूली विद्यार्थियों के मध्य आयोजित उक्त दोनों प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ के इतिहास, भूगोल, पुरातत्व पर्यटन, संस्कृति, लोक कला, खेती-किसानी सहित अन्य विषय पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं और सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता है। छायाचित्र प्रदर्शनी में आजादी की लड़ाई में छग के क्रांतिकारियों के योगदान और उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज, जंगल सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उनके योगदानों को प्रदर्शित किया गया है।

**समाज इवेंट**

## 27 गायन दलों ने 17 घंटे तक बांधा देशभक्ति गीतों का समां



**रायपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सेंट पॉल्स कैथेड्रल में प्रदेश स्तरीय देशभक्ति गीत-संगीत प्रतियोगिता करीब 17 घंटे तक चली। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश के 27 गायन दलों ने सुरलय और ताल से देशभक्ति का समां बांधा। दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुई स्पर्धा के नतीजे सुबह 6 बजे जारी हो सके। स्पर्धा में डोंगरगढ़ को बेस्ट परफार्मेंस, राजनांदगांव को बेस्ट सांग ऑफ द ईयर और रायपुर के ग्रेस चर्च को विजेता का पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि बिशप डॉ. सुषमा कुमार थीं। पीवायएफ प्रेसीडेंट जेनिस दास, सचिव अनुदित रंजन और कोषाध्यक्ष एलिशा हनुक ने बताया कि कैथेड्रल के पास्ट्रेट कोर्ट, पास्ट्रेट कमेटी, संडे स्कूल, महिला सभा, युवा सभा, क्वायर ने प्रतियोगिता को सफल बनाया।

### सर्वश्रेष्ठ वादक कलाकार का भी होगा चुनाव

प्रतियोगिता की थीम 'तब तुम सत्य को जानोगे और सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा' रखी गई। यह स्पर्धा पास्टोरेट यूथ फैलोशिप द्वारा स्व. पादरी यीशु दान की स्मृति में करवाई गई। सर्वश्रेष्ठ गीत प्रस्तुत करने वाले दल को दस हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। एकल गान में प्रथम पुरस्कार 3 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2 हजार व तृतीय पुरस्कार 1 हजार रुपए दिए गए। युगल गीत में प्रथम पुरस्कार 4 हजार, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार व तृतीय पुरस्कार 2 हजार रुपए दिए गए। इसी तरह सामूहिक गान में प्रथम पुरस्कार 7 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 6 हजार तथा तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए दिए गए। सर्वश्रेष्ठ वादक कलाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। सभी विजेताओं को शील्ड-ट्रॉफी भी गई।

**लाइव इवेंट**

## तीज उत्सव में जलेबी दौड़ संगीत में पुराने गानों का दौर



**रायपुर।** चौपाल परिवार द्वारा मंगलवार को महिलाओं के लिए तीज उत्सव का आयोजन किया गया। तीज उत्सव में ग्रीम थीम पर साज-सज्जा की गई, जहां महिलाओं के लिए कई खेल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में समाजसेवी रविन्द्र सिंह, अजय किरण अवस्थी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत पांडेय ने की। उत्सव में सावन क्वीन मीना साहू बनी। सेकंड रनअप अंजली यादव और थर्ड रनअप मंजू साहू रही।

### सावन थीम पर सेल्फी जोन

कार्यक्रम का आयोजन टिकरापारा स्थित सरजू बांधा गार्डन में किया गया, जहां 60 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। इसमें नारी चौपाल की प्रमुख डॉ.आरती उपाध्याय ने मां पार्वती व भगवान शंकर भगवान के भव्य पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं के लिए झूला सजाया गया, साथ ही सावन के थीम पर सेल्फी जोन भी तैयार किया गया। संगीत उत्सव के साथ कुर्सी दौड़, डांस, गीत-संगीत, जलेबी दौड़ जैसे कई खेलों को भी शामिल किया गया।

## प्रयोगशाला सहायक व तकनीशियन के प्रवेशपत्र तीन लिंक में जारी, त्रुटि हुई तो व्यापम में कर सकेंगे शिकायत

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रयोगशाला सहायक व तकनीशियन भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षा 25 अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। कैंडिडेट्स व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अन्य भर्ती परीक्षाओं की तरह व्यापम ने इसके लिए कैंडिडेट्स के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर लिंक भी भेजा है। इसमें क्लिक करके भी वे प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। व्यापम ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। किसी तरह की दिक्कत होने पर छात्र इसमें संपर्क कर सकते हैं।

### नेशनल डिफेंस एकेडमी की परीक्षा एक सितंबर को

नेशनल डिफेंस एकेडमी के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने वाले उम्मीदवारों के लिए यूपीएससी ने अपडेट जारी किया है। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से एनडीए के लिए परीक्षा का आयोजन 1 सितंबर को की जाएगी। इसके लिए एडमिट कार्ड इस सप्ताह जारी होने की संभावना है। प्रवेशपत्र ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट **upsc.gov.in** पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिसे कैंडिडेट्स लॉग इन डिटेल दर्ज करके प्राप्त कर सकेंगे।

### डाक सेवक भर्ती परीक्षा के नतीजे घोषित

भारतीय डाक विभाग ने विभिन्न सर्किल में ग्रामीण डाक सेवक के पदों पर भर्ती के नतीजों की घोषणा कर दी है। विभाग द्वारा नतीजों के अंतर्गत विभिन्न सर्किल के लिए घोषित रिक्त पदों के सापेक्ष चयनित उम्मीदवारों की योग्यता सूची जारी करने के साथ ही डाक विभाग ने विभिन्न सर्किल की सूची देखने के लिए अलग-अलग लिंक को आधिकारिक वेबसाइट **indiapostgdsonline.gov.in** पर एक्टिव कर दिया है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों ने भारतीय डाक विभाग ग्रामीण डाक सेवक भर्ती जुलाई-2024 के लिए आवेदन किया है, वे शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची में अपना नाम चेक करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। जिन उम्मीदवारों को भारतीय डाक विभाग द्वारा विभिन्न सर्किल के लिए सफल घोषित किया गया है, उन्हें अगले चरण में दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस संबंध में सूचना डाक विभाग द्वारा उम्मीदवारों को उनके सर्किल के कार्यालय के माध्यम से दी जाएगी।

## तितलियों पर होगी वर्कशॉप बताएंगे पहचानने के तरीके

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी में जैव विविधता संरक्षण सोसाइटी, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा और पाथ आईएएस अकादमी के सहयोग से 24 अगस्त को तितलियों पर वॉक और टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रकृति प्रेमियों, छात्रों, शोधकर्ताओं और जन मानस में तितलियों की सुंदरता और उनके पर्यावरणीय महत्व के साथ-साथ जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से दोपहर 10.30 बजे तक विशेषज्ञों द्वारा तितलियों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिसमें प्रतिभागियों को तितलियों की पहचान और उनके



संरक्षण के व्यावहारिक अनुभव से रूबरू कराया जाएगा। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ ही कोई भी व्यक्ति इसमें हिस्सा ले सकता है। इसके लिए नंदनवन जंगल सफारी से संपर्क कर सकते हैं।

**कॉर्नर न्यूज**

### नर्सरी में लोगों को बारिश में रोपे जाने वाले पौधों की दी जा रही जानकारी

## बदली के कारण कम रोशनी में जीवित रहने वाले पौधों की बढ़ी मांग, विदेशी इंडोर प्लांट पहली पसंद





**रायपुर।** बारिश के चलते घरों में रखे जाने वाले इंडोर प्लांट को लेकर विशेष सावधानी बरती जा रही है। बारिश के मुताबिक नर्सरी में सीजनल पौधों की मांग बढ़ गई है। नर्सरी में बारिश का अहसास देने वाले पौधों की नई वैरायटी आई हुई है, जिसे घर व किचन गार्डन के लिए बड़ी संख्या में लोग खरीद रहे हैं। नर्सरी में इन दिनों इंडोर प्लांट की मांग बढ़ी है। हालांकि गर्मी के बाद बारिश में प्रतिवर्ष पौधों की मांग बढ़ जाती है, लेकिन इस बार आउटडोर के साथ-साथ इंडोर प्लांट की भी खरीदी बड़ी मात्रा में हो रही है।

लोग घरों की छत, बाल्कनी और दरवाजों के लिए इंडोर प्लांट खरीदने नर्सरी पहुंच रहे हैं। ज्यादातर व्यक्ति घर के अंदर ऐसा पौधा रखना चाहते हैं, जो न केवल घर को आकर्षक लुक दे, बल्कि वातावरण को सकारात्मक रखे। इसके लिए लोग सिरेमिक पॉट और सेल्फ-वॉटरिंग पॉट समेत कम रोशनी में जीवित रहने की क्षमता के कारण मनी प्लांट सर्वाधिक खरीदने लगे हैं। इसकी कीमत नर्सरी में 100 से 150 तक है। इसके अलावा बारिश में कॉसमॉस, जीनिया, गेंदा और सूरजमुखी के पौधे की बिक्री अधिक है।

### हरियाली के लिए बारहमासी फूल

वीआईपी रोड स्थित एक नर्सरी के कैलाश नायक का कहना है कि बारिश के मौसम सभी तरह के पौधे असानी से उग जाते हैं। घरों में हरियाली लाने के लिए लोग बारहमासी फूल के पौधे खरीद रहे हैं। इसके अलावा फूलों की मांग इन दिनों बढ़ गई है। नर्सरी में कुछ विदेशी फूल ऐसे भी हैं, जिसे बारिश के महीने में लगाया जाता है। इसमें ठंड में पौधों पर फूल आने शुरू हो जाते हैं। नर्सरी में डायनथस, पेओनी, आईरिस, फॉक्सग्लोव और डेलिली के पौधे और बीज दोनों ही उपलब्ध हैं।

### लिली और कोचिया के पौधे की मांग



शहर की नर्सरी बारिश में उगने वाले औषधीय गुणों वाले पौधों की मांग भी बढ़ गई है। मठपारा स्थित नर्सरी में इन दिनों लिली व कोचिया के पौधे लोगों खरीद रहे हैं। ये पौधे खासकर बारिश में रोपे जाते हैं। इन पौधों को ज्यादा देखभाल की आवश्यकता नहीं होती है। आसानी से उग जाते हैं। ये भी इंडोर के लिए लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। नर्सरी में लोगों को बारिश में रोपे जाने वाले पौधों की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही देसी और विदेशी पौधों की देखभाल किस तरह से करनी चाहिए, यह भी बताया जा रहा है।

### विशेष तरह के खाद

आउटडोर प्लांट के अलावा इंडोर प्लांट के लिए विशेष तरह के खाद मार्केट में आए हुए हैं। कई प्राकृतिक खाद ले जाना पसंद कर रहे हैं तो कई घर में ही खाद तैयार करने के टिप्स ले रहे हैं। नर्सरी के अलावा एग्रीकल्चर दुकानों में भी मौसम के अनुसार खाद आए हुए हैं।

धर्म लाइव

## हिंडोला विजय दिवस कल, अपने स्थान पर विराजमान होंगे कान्हा



**रायपुर।** शहर के विभिन्न गोपाल मंदिरों में 22 जुलाई से हिंडोला उत्सव मनाया जा रहा, जिसका समापन 22 अगस्त को होगा। रोजाना श्रीकृष्ण मंदिर को अनेक थीम में साथ सजाया जा रहा है, जिसमें झूले के साथ विशेष रुप से झूमर भी तैयार किया जा रहा है। हिंडोला उत्सव के दौरान श्री कृष्ण के बाल स्वरुप की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अंतर्गत मंदिरों को खिलौने और फूलों से सजाया गया। गौरतलब है कि हिंडोला अर्थात झूला उत्सव की शुरुआत वृंदावन में हुई थी, जब गोपियों ने श्री कृष्ण को एक शानदार हिंडोले पर बैठाया और उन्हें प्यार से आगे-पीछे घुमाया। इस दिन से, भक्तों ने हिंडोला उत्सव मनाना शुरू कर दिया और भगवान को अपनी भक्ति अर्पित की।

### स्वर्ण रूप में सजे झूले

मंगलवार को सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में हिंडोला उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्वर्ण रुप में हिंडोला व मंदिर प्रांगण को सजाया गया। मंदिर के पुजारी हरेन्द्र ने बताया, हिंडोला उत्सव के लिए मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। लड्डू गोपाल को लाल रंग के पोशाक धारण कराए गए। हिंडोला उत्सव के समापन अवसर पर मंदिर को भव्य रुप से सजाया जाएगा। उत्सव के दौरान रोजाना पर्दा लगाया जाता है, लेकिन अंतिम दिन हिंडोला विजय मनाया आएगा। इस दिन लड्डू गोपाल को पुनः उनके स्थान पर विराजमान किया जाएगा। इस अवसर पर भक्तों को दर्शन के लिए अवसर दिया जाएगा। बुधवार को शाम 5:30 बजे उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंत में श्रद्धालुओं द्वारा संध्या भजन का आयोजन किया जाएगा।

कैंपस लाइव

## कानूनी जानकारी के अभाव में महिलाएं नहीं हो पाती जागरुक



रायपुर। देवेंद्र नगर स्थित शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ द्वारा महिलाओं के कानूनी अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.गोयल ने उद्बोधन में कहा कि हमारे देश में नारी के लिए बहुत से कानून बनाए गए हैं, लेकिन कानूनी शिक्षा के आभाव में उन्हें जानकारी नहीं मिल पाती और उन्हें पता ही नहीं होता कि उन्हें कौन कौन से अधिकार प्राप्त हैं। इस कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में रविवि के लॉ डिपार्टमेंट की डॉ.प्रिया राव उपस्थित रही। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत सरकार ने महिलाओं को कई अधिकार दिए हैं। लैंगिक समानता हो या नौकरी में पुरुषों के बराबर की हिस्सेदारी, गरिमा और शालीनता जीने का अधिकार हो या महिला को घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार, ऑफिस-दफ्तर में उत्पीड़न से सुरक्षा, महिलाओं से जुड़े ऐसे कई अधिकार हैं जिनके बारे में हमें जरूर जानना चाहिए।

### वर्चुअल तरीके से दर्ज कर सकते हैं शिकातय

विशेषज्ञों ने कहा कि किसी महिला की निजता की सुरक्षा का अधिकार हमारे कानून में दर्ज है। कोई भी महिला वर्चुअल तरीके से अपनी शिकायत दर्ज कर सकती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ.कविता शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ.मीता अग्रवाल द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया एवं प्राध्यापकों के प्रश्नों का उत्तर भी विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। इस आयोजन में पंजाबी सनातन सभा यूथ लेडीज विंग की अध्यक्ष मीनू चंगा, राष्ट्रीय संघ से रेनू गुप्ता, अलका मोदी, सौम्य सेठी, अर्चना डोंगर, डॉ.नरेश पूरी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

● राधा-कृष्ण का रूप धरने बच्चों के लिए परिधान, किराए पर भी हैं उपलब्ध

# अलीगढ़ से लाए गए पीतल के झूले, शीशम की लकड़ी पर बारीक नक्काशी, लड्डू गोपाल के लिए खास खिलौने

प्रत्येक वर्ष भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। उत्सव के लिए शहर के मंदिर प्रबंधन व घरों में स्थापित लड्डू गोपाल के लिए भक्तों द्वारा पोशाक की खरीदी की जा रही है। शहर के बाजारों में वृंदावन, बनारस, मथुरा जैसे धार्मिक स्थानों से श्रीकृष्ण के पोशाक व आभूषण मंगाए गए हैं।

**रायपुर।** दुकानों के साथ चौक-चौराहों में लगे स्टॉल से भी लोग खरीदी कर रहे हैं। शहर स्थित फूटकर व थोक व्यापारियों ने जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए पूजन सामग्री से दुकान सजाए हैं। लोग चमकदार रंगों से तैयार पोशाक की खरीदी करना पसंद कर रहे हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर लड्डू गोपाल को आकर्षक रुप से तैयार करने के अलावा झूले की भी खरीदी हो रही है। इसके अलावा जन्माष्टमी के अवसर पर माता-पिता अपने बच्चों के लिए श्रीकृष्ण व राधा रानी के पोशाक की खरीदी करते हैं। इसके लिए भी शहर के दुकानों में ऑर्डर लिए जा रहे हैं। यहां परिजन कस्टमाइज रूप से तैयार परिधान बच्चों के लिए खरीदी रहे हैं।





### बदला धोती का पैटर्न

*लिली चौक स्थित एक दुकान संचालक राज अग्रवाल ने बताया, इस वर्ष बच्चों के कपड़ों में धोती का पैटर्न बदला गया है। इसे पटका के साथ कैरी किया जाएगा। सफेद रंग में धोती तैयार किया गया है, जिसमें गोल्डन लेस का प्रयोग किया गया है। इसे केवल रेंट में दिया जाएगा। इसकी कीमत 250 से 350 तक है। दुकान में मुंबई, कोलकाता से बच्चों के लिए ज्वेलरी मंगाई जाती है।*



### बांसुरी, बाजूबंद, माला व कंगन

पुरानी बस्ती स्थित एक दुकान संचालक सुशांक अग्रवाल ने बताया, कृष्ण जन्माष्टमी के लिए पोशाक व ज्वेलरी बनकर तैयार है। जिसे न्यू लुक देने के लिए संचालक द्वारा डिजाइन किया गया है। बांसुरी, बाजूबंद, माला, कंगन, मुकुट, मोर पंख व अन्य वस्तुएं इसमें शामिल हैं। इन्हें आकर्षक बनाने के लिए मोती, चमकदार धागा, स्टोन व मोर पंख जैसे अनेक आकर्षक सजावटी वस्तुओं का प्रयोग किया गया है। दुकान में 3 से 8 साल तक के बच्चों के लिए कपड़े व ज्वेलरी उपलब्ध है। जिसकी कीमत 1000 से 1500 तक है। किराए में एक दिन के लिए भी ये परिधान उपलब्ध हैं। पोशाक के आधार पर इसकी कीमत 250 से 350 रुपए तक है।

### आकर्षक खिलौने बने पसंद

लाखेनगर में व्यवसाय करने वाली किरण शर्मा ने बताया, दुकान में वृंदावन, मथुरा से लड्डू गोपाल के पोशाक लाए गए हैं। इस वर्ष आकर्षण का केंद्र लड्डू गोपाल के खिलौने रहेंगे। जिसमें खिलौने की मोबाइल, चश्मा, लूडो, कैरम, चेस, बैडमिंटन, बेट-बॉल, साइकिल जैसे कई वस्तुएं शामिल हैं। खिलौने को रंग-बिरंगे स्टोन व मोती की मदद से सजाया गया है। इसकी कीमत 30 रुपए से शुरु होकर 300 है। छोटे आकार के मुकुट की कीमत 20 रुपए से शुरु होकर आकार के अनुसार बढ़ती जाती है।



### व्हाइट मेटल का झूला

गोलबाजार के व्यापारी शरद कुंबलकर ने बताया, दुकान में व्हाइट मेटल, स्टील, पीतल व लकड़ी का झूला मौजूद है। जिसमें नक्काशी का काम किया गया है। व्हाइट मेटल लोगों की पहली पसंद है, जो चांदी का लुक देता है। इसकी कीमत 400 रुपए से शुरु होकर 3500 रुपए तक है। पीतल का झूला अलीगढ़ से लाया जाता है, इसकी कीमत 250 रुपए से 13-14 हजार तय है। सारंगपुर से लकड़ी की झूला मंगाया जाता है, जिसे शीशम की लकड़ियों से तैयार किया जाता है। इसकी कीमत 200 रुपए से 5500 रुपए तक है। इस वर्ष भी खरीदार अपने लड्डू गोपाल के आकार अनुसार झूला की खरीदी कर रहे है।

## 25 वर्ष की आयु में ली दीक्षा, इसके 25 वर्ष बाद रायपुर पहुंचे मुनिश्री प्रियदर्शी विजय

**रायपुर।** विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जैन मंदिर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास में मंगलवार को रायपुर के तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी का 50वां अवतरण दिवस भक्तिभाव से मनाया गया। दीक्षा के 25 वर्ष बाद पहली बार मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी रायपुर आए हैं। इस विशेष अवसर पर मुनिश्री के अवतरण दिवस को समाज ने उत्सव के रूप में मनाया। इस दौरान रंग-बिरंगे अक्षत से 50 गवली बनाई गई। श्रावक-श्राविकाओं ने मुनिश्री को जयकारों के साथ 50 गवली के मध्य से मंच तक पहुंचाया। इस बीच मुनिश्री के 50 अंतिम कदम पर रजत मुद्रा से गुरु पूजन किया गया।






श्री संभवनाथ जैन मंदिर में मनाया गया अवतरण दिवस, रजत मुद्रा से गुरु पूजन

### संसार के सभी दुखों की जड़ जन्म

मुनिश्री विजय ने कहा कि हर एक व्यक्ति के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण घटना उसका जन्म होता है। शास्त्रकार इसे दुर्घटना कहते हैं। यह जन्म नाम की घटना 14 राजलोक के अनंत जीवों के जीवन में होने वाली सबसे पहली दुर्घटना है। दुखों की लिस्ट में सबसे पहला दुख जन्म है। अगर जीव का जन्म ही ना हो तो उसके जीवन में आने वाली आदि, व्यादि, रोग, बुढ़ापा, संताप और मृत्यु आए ही नहीं। संसार के सभी दुखों की जड़ जन्म है। मुनिश्री ने बताया कि किनका जन्म मनाने लायक है। उन्होंने कहा तीर्थंकरों का जन्म मानने लायक है, क्योंकि यह समस्त सृष्टि के लिए कल्याणकारी है। यदि किसी जीव के जन्म से संसार के अनंत जीव को आनंद प्राप्त हो तो जन्म उनका मनाना चाहिए।

## निर्माण क्षेत्र में मजदूरों के लिए बनाया पोर्टेबल हाउस, एनआईटी का मॉडल देश में अव्वल

**रायपुर।** एनआईटी के आर्किटेक्चर और प्लानिंग विभाग के पूर्व छात्र ऋत्विक हल्दर ने राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2024 का सर्वश्रेष्ठ आर्किटेक्चरल थीसिस का पुरस्कार जीता है। उन्हें प्रशस्ति पत्र और चालीस हजार रुपए के विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि बीआर्क के अंतिम वर्ष में, प्रत्येक छात्र को आर्किटेक्चरल थीसिस के रूप में एक साल का शोध प्रबंध करना होता है। छात्रों द्वारा किए गए शोध के मध्य मुंबई स्थित फोल्ड डिजाइन स्टूडियो द्वारा एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता कराई जाती है। फोल्ड डिजाइन स्टूडियो एक प्रतिष्ठित वास्तुकला कंपनी है। ऋत्विक हल्दर ने अपना मॉडल मजदूरों के लिए पोर्टेबल घरों के पर तैयार किया था। मजदूरों की जरूरतों और ऐसे मॉड्यूल के वित्तीय समाधानों को समझने के लिए कई प्री-डिजाइन सर्वेक्षण भी किए गए।



### मानसिक व शारीरिक थकावट में आएगी कमी

*आर्किटेक्चर और प्लानिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.विवेक अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में उन्होंने इसे बनाया। प्रो. अग्निहोत्री ने बताया कि मजदूर समुदाय को साइट पर काम करते समय कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें रहने की खराब सुविधाएं, अस्वच्छ वातावरण और कई तरह की चीजें शामिल हैं। इसके फलस्वरूप उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में अत्याधिक गिरावट आती है। शोध में श्रमिकों की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों से सुसज्जित एक मॉड्यूल डिजाइन तैयार किया गया। इस मॉड्यूल को इसमें आने वाली आर्थिक लागत, अग्निसुरक्षा, जलवायु प्रतिक्रिया और आरामदायक सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रख कर विकसित गया है। उनके अनुसार इस तरह के मॉड्यूलर आवास मजदूरों की ऑनसाइट रहने की स्थिति को बदल सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनके जीवन की गुणवत्ता और उनकी कार्य उत्पादकता बेहतर होगी। ऋत्विक हलदर ने नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन प्रवेश के परिणाम में भी ऑल इंडिया प्रथम रैंक हासिल की है।*

## राजधानी में जुटेंगे देशभर के इंजीनियर मिट्टी व जल संरक्षण पर पेश होंगे शोध



रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में "सतत विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए कृषि अभियंताओं का योगदान" विषय पर 29 व 30 अगस्त को कृषि अभियंताओं का 36वां राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स के छत्तीसगढ़ स्टेट सेंटर, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन सह संगोष्ठी में वर्तमान समय में कृषि के विकास के लिए बहु प्रासंगिक विषयों जैसे- फार्म मशीनरी, कृषि प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन, गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत, मिट्टी और जल संरक्षण और प्रबंधन आदि पर विस्तृत चर्चा होगी एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इनमें मुख्यतः कृषि में जुताई-बुआई से लेकर कटाई-मड़ाई एवं प्रसंस्करण की क्रियाओं का मशीनीकरण, ड्रोन का उपयोग, रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग, कृषि बागवानी में अत्याधुनिक तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक्स एवं आई.ओ.टी. का प्रयोग आदि विषयों पर सार्थक संवाद, प्रदर्शन, प्रस्तुतिकरण एवं विचारों का आदान-प्रदान होगा। जलवायु परिवर्तन एवं कृषि कार्यों के समय पर संपादन में कृषि श्रमिकों की घटती उपलब्धता के परिपेक्ष्य में कृषि अभियंताओं के बढ़ते महत्व एवं कस्टम हायरिंग जैसे क्षेत्रों में उद्यमिता विकास की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। इस कार्यक्रम में अभियंता, उद्यमी, वैज्ञानिक, उद्योगपति, शोधकर्ता, प्रगतिशील कृषक एवं देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्वत्तजन शामिल होंगे तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए यथोचित रणनीति को अंतिम रूप देने देंगे।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

krishna vatika
Call and Booking Now
9406026313
9981002160
Facilities
• 20000sq.ft. Lush Green Party Lawn.
• Parking Facility
Events
• Birthday party, Kitty Party, Wedding.
• Anniversary, Ring Ceremony
पता- समता परिसर के सामने लालपुर, रायपुर (छ.ग.)

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
9977115597, 8319076661
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur, 492004
KitchenGalaxyNXModular
मात्र ₹ 75,000/- ₹ 95,000/- ₹ 1,25,000/-

CCTV, Biometrics, Fire Safety, Video Conf., Networking & IT Solutions, Vehicle Traking, Fire Detection, Boom Barrier Gate Automn, Audio Conf, Smart Class Set up, Walky Talky, Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

सेल सेल
चादरों (डबल बेड) सेल
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

| MRP | | Only |
| --- | --- | --- |
| 2199/- | चादर 9x9 सेट | 650/- |
| 1799/- | चादर फीटेट सेट | 390/- |
| 1499/- | चादर डबल सेट | 450/- |
| 999/- | चादर सेट डबल | 310/- |
| 599/- | चादर सेट डबल | 150/- |
| 620/- | चादर सेट डबल | 310/- |
| 1800/- | कमर्फटर डबल | 575/- |
| 1250/- | कमर्फटर सिंगल | 425/- |


जीवेत शरदः शतम्
21
अगस्त
मान. संजय श्रीवास्तव
प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी छ.ग. एवं
पूर्व अध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण
ऊर्जावान एवं सरल हृदय के धनी
हम सबके प्रिय भाजपा के प्रवक्ता
संजय श्रीवास्तव
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नरेश बाफना
अध्यक्ष, छ.ग. पी.डी.एस. संचालक संघ
रायपुर
रविन्द्र ठाकुर
भाजपा मण्डल अध्यक्ष
मेघु साहू
भाजपा मण्डल महामंत्री
जितेन्द्र गोलछा
जिला कार्यालय मंत्री, भाजपा रायपुर जिला
विनीत: दीपक अग्रवाल, तनवीर शेख, रायपुर (छ.ग.)


किशोर महानंद
अमरजीत छाबड़ा
सत्यम दुआ
रमेश ठाकुर
जीवेत शरदः शतम्
ऊर्जावान एवं सरल हृदय के धनी
हम सबके प्रिय
मा. संजय श्रीवास्तव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं...
मा. संजय श्रीवास्तव जी
प्रदेश महामंत्री, भाजपा (छ.ग.)
21 अगस्त
ई.मखमूर इकबाल खान
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा,
रायपुर (छ.ग.)
महेन्द्र पंडित
प्रदेश संयोजक
छ.ग. झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ
अनुप खेलकर
संतोष साहू
गोरेलाल नायक
सुनील कुकरेजा
विनय बेहेरा
अतीफ सिद्दीकी
sumit
विनीत : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला रायपुर (छ.ग.)
❖ भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनीये ❖
❖ हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे ❖